# BUDHA DAL PUBLIC SCHOOL PATIALA
## TERM – II EXAMINATION (21 December 2024)
## HINDI COURSE - B
## Class – X (Set – A)

**Time allowed : 3 hours** **Maximum Marks : 80**

**सामान्य निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं—'क', 'ख', 'ग' और 'घ'।
2. खंड 'क' में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
3. खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
4. खंड 'ग' पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
5. खंड 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
6. प्रश्न-पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
7. यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

समय : 3 घंटे

पूर्णांक : 80

## खंड 'क' (अपठित बोध) *(14 अंक)*

**इस खंड में अपठित गद्यांश से संबंधित तीन बहुविकल्पीय (1×3 = 3) और दो अतिलघूत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक (2×2 = 4) प्रश्न दिए गए हैं।**

**1.** *निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (7)

इंटरनेट ने शिक्षा को इतना आसान बना दिया है कि कोई भी, किसी भी प्रकार की समस्या क्यों न हो, पल भर की प्रतीक्षा किए बिना ही उसका उत्तर हमें मिल जाता है। पुस्तकालयों में बैठकर घंटों माथापच्ची नहीं करनी पड़ती। विद्यालयों में स्मार्ट क्लासों का प्रचलन बढ़ रहा है, जिसमें नेट के माध्यम से छात्रों को अत्याधुनिक ज्ञान प्रदान किया जाता है। इतना ही नहीं विद्यार्थी अपने घरों में रहकर विदेशी विद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों से कम खर्च में पढ़ सकते हैं और किसी भी प्रकार की समस्या का हल निकाल सकते हैं।

परीक्षाओं एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी में भी इंटरनेट का सहारा लेकर छात्र सफलता की नई ऊँचाइयाँ छू रहे हैं। आज भारतीय युवाओं की सफलता, शिक्षा और तकनीकी शिक्षण में इंटरनेट का बहुत बड़ा हाथ है। गाँव और छोटे शहरों में रहने वाले लोग इसके माध्यम से विश्वस्तरीय ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं और परिश्रम रूपी घोड़े की लगाम पकड़कर विकास की नई-नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं। सच ही कहा है—शिक्षा में कमाल, इंटरनेट का धमाल।

इंटरनेट मानवजाति के भूत, भविष्य और वर्तमान की गाथा भी सुनाने में सक्षम है। आप इतिहास के पन्नों को पलट सकते हैं, भविष्य का अनुमान लगा सकते हैं और वर्तमान में क्या घट रहा है, यह भी देख और पढ़ सकते हैं। किसी भी रचनाकार की कृति को पढ़ सकते हैं, नई-नई खोजें कर सकते हैं, विचारों का आदान-प्रदान कर सकते हैं, भौगोलिक परिवर्तनों से रू-ब-रू हो सकते हैं; प्राकृतिक आपदाओं के विषयों में भविष्यवाणी कर सकते हैं और यहाँ तक कि अपने आचरण को शिष्ट एवं अनुशासित रखने के लिए सामाजिक एवं नैतिक शिक्षा पा सकते हैं।

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है? (1)

*(i)* इंटरनेट और मनोरंजन  
*(ii)* इंटरनेट द्वारा सामाजिक और नैतिक विकास  
*(iii)* ऑनलाइन शिक्षा की सीमाएँ  
*(iv)* इंटरनेट का शिक्षा में प्रभाव

(ख) गद्यांश के अनुसार, आचरण को शिष्ट एवं अनुशासित रखने के लिए आवश्यकता है (1)

*(i)* इंटरनेट की  
*(ii)* सामाजिक एवं नैतिक शिक्षा की  
*(iii)* तकनीकी शिक्षा की  
*(iv)* मानवता की

(ग) कथन (A) वर्तमान में इंटरनेट के माध्यम से हम इतिहास के पन्नों को पलट सकते हैं तथा भविष्य का अनुमान लगा सकते हैं। (1)

कारण (R) इंटरनेट मानवजाति के भूत, भविष्य और वर्तमान की गाथा सुनाने में सक्षम है।

कूट

*(i)* कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।  
*(ii)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।  
*(iii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की गलत व्याख्या करता है।  
*(iv)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(घ) गद्यांश के आधार पर बताइए कि इंटरनेट ने मानव जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है? (2)

(ङ) इंटरनेट के माध्यम से हम घर बैठे कौन-सी सुविधा प्राप्त कर सकते हैं? (2)

A-1

Scanned with CamScanner

2. *निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* (7)

कहा जाता है कि हमारा लोकतंत्र यदि कहीं कमज़ोर है, तो उसकी एक बड़ी वजह हमारे राजनीतिक दल हैं। वे प्राय: अव्यवस्थित हैं, अमर्यादित हैं और अधिकांशत: निष्ठा और कर्मठता से संपन्न नहीं हैं। हमारी राजनीति का स्तर प्रत्येक दृष्टि से गिरता जा रहा है। लगता है उसमें सुयोग्य और सच्चरित्र लोगों के लिए कोई स्थान नहीं है। लोकतंत्र के मूल में लोकनिष्ठा होनी चाहिए, लोकमंगल की भावना और लोकानुभूति होनी चाहिए और लोकसंपर्क होना चाहिए। हमारे लोकतंत्र में इन आधारभूत तत्त्वों की कमी होने लगी है, इसलिए लोकतंत्र कमज़ोर दिखाई पड़ता है। हम प्राय: सोचते हैं कि हमारा देश-प्रेम कहाँ चला गया, देश के लिए कुछ करने, मर-मिटने की भावना कहाँ चली गई? त्याग और बलिदान के आदर्श कैसे, कहाँ लुप्त हो गए? आज हमारे लोकतंत्र को स्वार्थंधता का घुन लग गया है। क्या राजनीतिज्ञ, क्या अफसर, अधिकांश यही सोचते हैं कि वे किस तरह से स्थिति का लाभ उठाएँ, किस तरह एक-दूसरे का इस्तेमाल करें। आम आदमी स्वयं को लाचार पाता है और ऐसी स्थिति में उसकी लोकतांत्रिक आस्थाएँ डगमगाने लगती हैं।

लोकतंत्र की सफलता के लिए हमें समर्थ और सक्षम नेतृत्व चाहिए, एक नई दृष्टि, एक नई प्रेरणा, एक नई संवेदना, एक नया आत्मविश्वास, एक नया संकल्प और समर्पण आवश्यक है। लोकतंत्र की सफलता के लिए हम सब अपने आप से पूछें कि हम देश के लिए, लोकतंत्र के लिए क्या कर सकते हैं? और हम सिर्फ पूछकर ही न रह जाएँ, बल्कि संगठित होकर समझदारी, विवेक और संतुलन से लोकतंत्र को सफल और सार्थक बनाने में लग जाएँ।

(क) राजनीतिक दल लोकतंत्र की असफलता के कारण बताए जाते हैं, क्योंकि वे प्रायः (1)

(*i*) धन और पद-लोलुप हैं। (*ii*) निष्ठाहीन और कर्त्तव्यविमुख हैं।
(*iii*) संप्रदायवादी और जातीयतावादी हैं। (*iv*) केवल सत्ता-लालसी हैं।

(ख) लोकतंत्र का मूल तत्त्व नहीं है (1)

(*i*) लोक-मंगल के प्रति उपेक्षा (*ii*) लोक-निष्ठा की अपेक्षा
(*iii*) लोक-संपर्क की इच्छा (*iv*) लोक के सुख-दु:ख की अनुभूति

(ग) **कथन** आजकल राजनीतिज्ञ और अफसर स्वार्थ पर केंद्रित होते हैं।
**निष्कर्ष** इस स्वार्थधता के कारण लोकतंत्र में आम आदमी की आस्थाएँ डगमगाती हैं। (1)
**कूट**

(*i*) कथन सही है, लेकिन निष्कर्ष गलत है। (*ii*) कथन गलत है, लेकिन निष्कर्ष सही है।
(*iii*) कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं। (*iv*) कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं।

(घ) आम आदमी की लोकतांत्रिक आस्थाएँ क्यों डगमगाती हैं? (2)

(ङ) हमारा लोकतंत्र यदि कहीं कमजोर है, तो उसकी एक बड़ी वजह हमारे राजनीतिक दल हैं। पंक्ति के माध्यम से लेखक किसकी ओर इशारा कर रहा है? (2)

## खंड(ख) पाठ्य पुस्तक

**प्र० 3. निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (4)**

१. विशेषण पदबंध का एक उदाहरण लिखिए।
२. <u>विदेश से आए अतिथियों</u> में कुछ शाकाहारी हैं ।(रेखांकित पदबंध का भेद लिखें)
३. पदबंधों का वर्गीकरण पद में आए शीर्ष पद तय करते हैं ।(सही /गलत)
४. क्रिया पदबंध की परिभाषा लिखिए।
५. वह <u>बाहर खड़ा रात भर</u> वर्षा में भीगता रहा।(रेखांकित पदबंध का भेद लिखें)

**4.निम्नलिखित 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए:(4)**

1. 'तुमने जो घड़ी ख़रीदी वह अच्छी थी । 'का सरल वाक्य क्या होगा?
2. " राम जानता है कि वह ईमानदार है ।" वाक्य का भेद बताएँ ।
3. मिश्र वाक्य की कोई एक पहचान बताएँ ।
4. ' उस अपराधी को सजा हुई ।' वाक्य को संयुक्त वाक्य में बदलें।
5. सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित करने के लिए--------का प्रयोग होता है।

**प्र० 5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (4)**

१. तत्पुरुष समास में समस्त पद बनाते समय किस का लोप हो जाता है ?
२. 'सुंदर है जो वन' का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखें।
३.' चंद्रखिलौना 'का समास विग्रह करके समास का भेद बताएँ ।
४.' नायक-नायिका 'का समास विग्रह करके समास का भेद बताएँ ।
५ 'सौ अब्दों का समूह' का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखें।

A-2

Scanned with CamScanner

प्र० 6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए: (4)

1. प्राण सूखना- मुहावरे का प्रयोग वाक्य में करें ।

2. ' सोहन तो **निपट मूर्ख** है,उसे कितना भी समझा लो उसकी समझ में कुछ नहीं आता है ।' रेखांकित अंश के लिए उपयुक्त मुहावरे का प्रयोग वाक्य में करें ।

3. पुलिस की आहट सुनते ही चोर—— बन जाते हैं ।

4. रीता ने दिन-रात एक करके यू.पी.एस.सी. की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है ।(पंक्ति में मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए)

5. 'इज़्ज़त उतारना' वाक्यांश के लिए उपयुक्त मुहावरा बताइए और इसका वाक्य में प्रयोग करें ।

## खंड 'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक) *(28 अंक)*

**इस खंड में पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।**

7. *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।* (1 × 5 = 5)

कई वर्षों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे। बेचारा समंदर लगातार सिमटता जा रहा था। पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया...जब खड़े रहने की जगह कम पड़ी तो उसे गुस्सा आ गया। जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है, परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है और यही हुआ, उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए, तीन जहाजों को उठाकर बच्चों की नींद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया। एक वर्ली के समंदर के किनारे पर आकर गिरा, दूसरा बांद्रा में कार्टर रोड के सामने औंधे मुँह और तीसरा गेट-वे ऑफ इंडिया पर टूट-फूटकर सैलानियों का नज़ारा बना बावजूद कोशिश, वे फिर से चलने-फिरने के काबिल नहीं हो सके।

(क) "पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं, थोड़ा सिमटकर बैठ गया। फिर जगह कम पड़ी तो उकड़ूँ बैठ गया। फिर खड़ा हो गया..." कथन के माध्यम से ज्ञात होती है समुद्र की (1)

*(i)* बेचारगी और लाचारी *(ii)* ताकत और रौद्र रूप
*(iii)* अभिलाषा और आकांक्षाएँ *(iv)* दार्शनिकता और समझदारी

(ख) "उसने एक रात अपनी लहरों पर दौड़ते हुए तीन जहाज़ों को उठाकर बच्चों की नींद की तरह तीन दिशाओं में फेंक दिया।" यह दर्शाता है समुद्र का/की (1)

*(i)* अभिमान *(ii)* अपनत्व *(iii)* क्रोध *(iv)* सहनशीलता

(ग) 'पहले उसने अपनी फैली हुई टाँगें समेटीं' पंक्ति में 'उसने' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? (1)

*(i)* लेखक के लिए *(ii)* समुद्र के लिए *(iii)* बच्चे के लिए *(iv)* सैलानी के लिए

(घ) 'जो जितना बड़ा होता है, उसे उतना ही कम गुस्सा आता है' यह पंक्ति किस संदर्भ में कही गई है? (1)

*(i)* सहनशीलता के *(ii)* प्रेम के *(iii)* अपनत्व के *(iv)* अभिमान के

(ङ) **कथन** (A) समुद्र के किनारे निर्माण कार्यों के कारण समुद्र सिमटते जा रहे हैं।
**कारण** (R) जनसंख्या वृद्धि के कारण स्थान का अभाव होता जा रहा है। (1)

*(i)* कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
*(ii)* कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
*(iii)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन A) की गलत व्याख्या करता है।
*(iv)* कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**8. गद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए-2×3=6**

१. सआदत अली में देश प्रेम का अभाव था ।' कारतूस ' एकांकी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

२. शुद्ध आदर्श की तुलना सोने से और व्यावहारिकता की तुलना ताँबे से क्यों की गई है ?गिन्नी का सोना पाठ के आधार पर बताइए।

३. ' अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले 'पाठ हमें संवेदनशील और उदार बनने का संदेश देता है ।इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

४. सभी क्रियाएँ इतनी गरिमापूर्ण ढंग से की कि उसकी हर भंगिमा से लगता था ,मानो जयजयवंती के स्वर गूँज रहे हों ।' झेन की देन 'पाठ में लेखक को किन क्रियाओं में एक गरिमापूर्ण प्रवृत्ति नज़र आती है।



Scanned with CamScanner

**9.** *निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।* (1 × 5 = 5)

जिंदा रहने के मौसम बहुत हैं मगर
जान देने की रुत रोज आती नहीं
हुस्न और इश्क दोनों को रुस्वा करे
वो जवानी जो खूँ में नहाती नहीं
आज धरती बनी है दुलहन साथियों
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों

(क) प्रस्तुत पद्यांश में 'दुल्हन' ………… कहा गया है। (1)

(*i*) धरती को (*ii*) आकाश को (*iii*) देशभक्त को (*iv*) दुश्मन सैनिक को

(ख) पद्यांश के अनुसार, किसके लिए जान देने की रुत रोज नहीं आती? (1)

(*i*) मित्र के लिए (*ii*) धर्म के लिए (*iii*) देश के लिए (*iv*) प्रेम के लिए

(ग) पद्यांश में कैसी जवानी को व्यर्थ माना गया है? (1)

(*i*) जो दूसरों को न सताए (*ii*) जो जबरदस्ती किसी का धन न छीने
(*iii*) जो देश के लिए खून न बहाए (*iv*) जो अपनी बहादुरी दूसरों को न दिखाए

(घ) बलिदान न देने वाला यौवन किन्हें बदनाम करता है? (1)

(*i*) आलस और मेहनत को (*ii*) दुष्टता और सज्जनता को
(*iii*) पुरुष और नारी को (*iv*) सुंदरता और प्रेम को

(ङ) **कथन** (A) वह जवानी व्यर्थ है, जो देश की रक्षा में काम न आए। (1)
**कारण** (R) युवाओं का सौंदर्य और प्रेम तभी सार्थक है, जब वे देश के लिए खून बहाते हैं।

**कूट**

(*i*) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।
(*ii*) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।
(*iii*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।
(*iv*) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

**10. पद्य खण्ड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में दीजिए-2×3=6**

१. कवि ने लक्ष्मण रेखा को माध्यम बनाकर कौन सी बात कही थी ?' कर चले हम फ़िदा 'कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

२. ' आत्मत्राण' कविता में कवि को ईश्वर के अतिरिक्त अपनी बुद्धि और कौशल पर विश्वास है क्यों?

३. वर्षा ऋतु में प्रकृति के पल -पल बदलते सौंदर्य का वर्णन 'पर्वत प्रदेश में पावस 'के आधार पर अपने शब्दों में करें ।

४. ' आत्मत्राण' कविता में कवि अपने बल पर अपने दुखों से किस प्रकार छुटकारा पाना चाहता है ?इस कविता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए: 2×3=6**

१. जिस दिन इफ्फ़न की दादी का निधन हुआ था, उस दिन वे दोनों दोस्त बहुत रोए थे ।ख़ासतौर से टोपी को अपना जीवन इफ़्फ़न की दादी के बिना अकेला लगने लगा और वह बेचैन रहने लगा ।' टोपी शुक्ला 'पाठ के आधार पर बताइए कि टोपी को अपनी दादी से लगाव न होकर इफ़्फ़न की दादी से क्यों लगाव था?

२. विभाजन के इतने दुखद परिणामों के बाद भी आज भौगोलिक और धार्मिक विचार बढ़ते जा रहे हैं ,इन्हें रोकने के लिए युवा शक्ति की क्या भूमिका होनी चाहिए ?'**टोपी शुक्ला** 'पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

३. " नौवीं कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण होने पर टोपी अपने परिवार और सहपाठियों के साथ -साथ शिक्षकों के लिए भी उपहास का पात्र बन गया था।" नौंवी कक्षा में दो बार अनुत्तीर्ण हो जाने वाली टोपी की भावनात्मक परेशानियों को देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में किये जाने वाले आवश्यक बदलाव हेतु अपने शब्दों में कुछ सुझाव लिखिए।



Scanned with CamScanner

## खंड 'घ' (रचनात्मक लेखन) *(22 अंक)*

**इस खंड में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।**

**12.** *निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।* (5)

(क) **साक्षरता अभियान**

संकेत बिंदु
- साक्षरता का अर्थ
- साक्षरता : एक आवश्यकता
- साक्षरता का महत्त्व

(ख) **भारत रत्न प्रणव मुखर्जी**

संकेत बिंदु
- जीवन एवं शिक्षा-दीक्षा
- राजनीति के क्षेत्र में कदम
- भारत रत्न से सम्मानित
- राजनीति के कुशल चितेरे

(ग) **निजी जीवन में मीडिया का प्रवेश**

संकेत बिंदु
- मीडिया का हस्तक्षेप
- परिणाम
- मीडिया पर अंकुश लगाने की आवश्यकता
- उपसंहार

**13.** अपने विद्यालय में संदर्भ पुस्तकों के अभाव की ओर विद्यालय के प्रधानाचार्य का ध्यान आकृष्ट कराते हुए पुस्तकालय में उक्त पुस्तकों की आपूर्ति हेतु एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। (शब्द-सीमा लगभग 100 शब्द) (5)

***अथवा***

देश में बढ़ रही कन्या भ्रूण-हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

**14.** विद्यालय में वृक्षारोपण समारोह के आयोजन के लिए आपको संयोजक बनाया गया है। पूरे विद्यालय की सहभागिता के लिए एक सूचना तैयार कीजिए। (4)

***अथवा***

विद्यालय में हो रहे हिंदी दिवस की तैयारी के लिए स्कूल के विद्यार्थियों से उनके द्वारा शामिल की जाने वाली गतिविधियों के सुझाव आमंत्रण हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।

**15.** किसी पुस्तक प्रकाशन की ओर से लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए। (3)

***अथवा***

पेन बनाने वाली किसी प्रसिद्ध कंपनी की ओर से लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** आप विद्यालय की छात्र परिषद् की सचिव हैं। स्कूल के बाद विद्यार्थियों को नाटक का अभ्यास करवाने के लिए अनुमति माँगते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। (5)

***अथवा***

'करनी कथनी से अधिक ताकतवर होती है', विषय पर लघुकथा लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

A-5

Scanned with CamScanner